हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

11 पावर लिफ्टिंग में विश्वजीत ने जीता स्ट्रांग मैन का खिताब



12 सीएमओ ने नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



# फायर सेफ्टी: दकमल विभाग ने नोटिस तो जारी किए, पर कोई जवाब देने की नहीं हो रहा तैयार

## नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग के पास नहीं सिलिंग का अधिकार, दूसरों का ताकना पड़ता है मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कॉमर्शियल भवन निर्माण में राज्य सरकार ने फायर एनओसी अनिवार्य कर रखी है, लेकिन जिला महेंद्रगढ़ में भवन निर्माता जहां फायर एनओसी के लिए जानबूझकर आंखें बंद किए हैं, वहीं जिम्मेदार फायर स्टेशन वाले लचर कार्यप्रणाली के चलते इस नियम का पालन कर पाने में नाकामयाब सिद्ध हो रहे हैं। यह वजह है कि अब तक यह नियम ताक पर रखकर भवन निर्माण कार्य बदस्तूर जारी हैं। फायर विभाग ने एक साल पहले 104 लोगों को फायर नोटिस जारी किए थे, लेकिन उनमें से इक्का-दुक्का को छोड़कर किसी ने इनका जवाब तक देना मुनासिब नहीं समझा और अब भी यह नोटिस विभाग की फाइलों का वजन बढ़ा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि देश में आए दिन आगजनी बड़े हादसों के रूप में सामने आती रही है। कई जगह कॉमर्शियल भवनों में फायर सेफ्टी सिस्टम लागू नहीं होने से छोटी-छोटी आग की घटनाएं भीषण रूप ले लेती हैं और बड़े-बड़े अग्निकांडों को अंजाम देती हैं। नारनौल शहर में भी कई अग्निकांड हो चुके हैं। उदाहरण के तौर पर हाल ही में अनाज मंडी में पशु आहार के गोदाम में अग्निकांड होने से तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। इसी प्रकार लोहा मंडी की तीन मंजिला भवन में गैस सिलेंडरों में आग लग गई थी। हैफेड के निजामपुर रोड स्थित मिल एवं गोदाम में भीषण आग लगी थी और करोड़ों का नुकसान हुआ था। इससे पहले सिंघाना रोड पर बीआरएस होंडा शोरूम के बेसमेंट में आग लग गई थी, जिसे बुझा पाना फायर ब्रिगेड के लिए काफी मुश्किल हुई थी। शहर में केवल यहीं नहीं, बाकी जगहों पर भी आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं, जहां फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं थे।

### यह है जिले की स्थिति

जिले में एक नगर परिषद एवं चार नगर पालिकाएं हैं। सभी में फायर स्टेशन होने चाहिए। शेष को छोड़कर नांगल चौधरी में बिल्डिंग अंडर कंस्ट्रक्शन है। पूरे जिले में केवल 48 कर्मचारी एवं अधिकारी हैं, जबकि पांच गुणा होने चाहिए। इस कारण नियमों का पालन कराने में भी दमकल विभाग को परेशानी आड़े आ रही है।



जबकि प्रदेश सरकार ने होटलों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, प्ले स्कूल, पॉलीटेक्नीक एवं आईटीआई जैसे तकनीकी शिक्षण संस्थानों, विभागीय कार्यालयों, लघु सचिवालय भवनों आदि समेत इस दायरे में आने वाले सभी भवन निर्माताओं के पास फायर सेफ्टी सिस्टम लागू होना अनिवार्य किया गया है, लेकिन नारनौल शहर ही नहीं, अपितु समूचे जिले में फायर सेफ्टी सिस्टम लागू करने में कोताही बरती जा रही है। अधिकांश के पास न तो फायर सेफ्टी सिस्टम है और न ही एनओसी ली गई है, जबकि जून 2022 में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल फायर एनओसी को अनिवार्य रूप से लागू कर चुके हैं।

### यह कहते हैं अधिकारी

फायर अफसर राजवीर सिंह ने बताया कि फिलहाल वह छुट्टी पर हैं। आने पर इस पर जरूर कार्यवाही करेंगे। नोटिस जारी करेंगे और जो फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगवाएंगे, उनके खिलाफ डायरेक्टर को लिखेंगे। फिलहाल अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

### जरूरी नहीं समझते फायर एनओसी लेना

शहर में आगजनी की घटनाओं को लेकर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं गंभीर नहीं है। किसी संस्थान में आगजनी की घटना होती है तो दमकल विभाग को आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसी आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए भवनों में अग्निशमन व अग्नि सुरक्षा संबंधित सुनिश्चित कराने के लिए दमकल विभाग ने फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य कर दिया है। अब यह पत्र तीन वर्ष के लिए वैध रहेगा। विभाग की तरफ से जिले के सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं को फायर एनओसी लेने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं, लेकिन संस्थाएं फायर एनओसी लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही हैं। दमकल विभाग की तरफ से वर्ष 2020 से 30 जून 2022 तक 173 सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं को नोटिस भेजा जा गया। इसी प्रकार वर्ष 2023 में 104 लोगों को नोटिस दिए गए, लेकिन अभी तक किसी संस्थान ने फायर एनओसी लेना उचित नहीं समझा है।

### सीलिंग करने की नहीं है पॉवर

बेशक से प्रदेश में राज्य सरकार ने फायर सेफ्टी नियम अनिवार्य किया हुआ है, जो कोई इसकी अनदेखी करते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की फॉयर अफसरों को पॉवर नहीं है। वह बिल्डिंग सील तक नहीं कर सकते। सीलिंग के लिए हैड ऑफिस के डायरेक्टर से अनुमति लेनी पड़ती है और उस पर संज्ञान भी वही ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### निजामपुर रोड के मंदिर में सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्रीमेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल का मंगलवार रात को हरकेश्वर शिव मंदिर निजामपुर रोड अनाथ गोशाला के पास सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य यजमान भगवान शंकर व माता पार्वती होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### कृष्णा मार्केट स्थित हनुमान का भंडारा आज

**महेंद्रगढ़।** नारनौल-दादरी रोड के पास श्री कृष्णा मार्केट में मंगलवार को हनुमान जी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे से पूर्व हवन का आयोजन होगा, इसके बाद कन्याओं को प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा। श्री कृष्णा मार्केट कमेटी प्रधान हवासिंह ने बताया कि विकास मोटर्स के पास 16 अप्रैल को हनुमान जी का विशाल भंडारे का आयोजन होगा। बाबा के भंडारे का आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम तक चलेगा। कृष्णा मार्केट कमेटी द्वारा यह पहला भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### महिला कॉलेज में मतदाता जागरूकता शिविर आज

**कनीना।** राजकीय महिला कॉलेज उन्हानी में मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल कारवा मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सुरेंद्र सिंह करेंगे। वहीं वशिष्ठ अतिथि तहसीलदार संजीव नागर होंगे।

### प्राचीन हनुमान दुर्गा मंदिर में जागरण आज

**नारनौल।** श्रीबांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में



मंगलवार रात को सट्टा कटला प्राचीन हनुमान मंदिर में मां दुर्गा का जागरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शुभम सोनी ने बताया कि जागरण में गायक कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर माता रानी का दरबार रंग बिरंगी लाइट व फूलों से सजाया जाएगा।

## डीसी ने नांगल चौधरी उपमंडल में स्कूल मालिकों के साथ की बैठक

# स्कूल संचालक दो दिन में बसें फिट करें 10 दिन में फिटनेस का एफिडेविट भी दें

सीएमओ से करवाया जाए सभी चालकों का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, सभी 25 बिंदुओं पर की जा रही स्कूल वाहनों की जांच





नारनौल। स्कूल प्रबंधकों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता व कनीना में आरोपितों को न्यायालय में पेश करने ले जाती पुलिस। फोटो: हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कनीना में स्कूल बस हादसे के बाद जिला प्रशासन ने सोमवार पंचायत भवन में नारनौल व नांगल चौधरी ब्लाक से जुड़े प्राईवेट स्कूल संचालकों के साथ बैठक हुई। इसमें उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने प्राईवेट स्कूल संचालकों का पक्ष सुनने के बाद स्पष्ट कहा कि अगले दो दिन के अंदर-अंदर सभी स्कूल प्रबंधक बसों के संबंध में सभी कमियां पूरी कर लें। वहीं स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की सभी 25 बिंदुओं की चेकलिस्ट दी गई है। यह सारी कमियां तुरंत प्रभाव से दूर की जाए। अगले 10 दिन में सभी प्रबंधक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की अनुपालन का एफिडेविट जिला प्रशासन को देंगे। इन दोनों समयावधि के बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी। जिले में 931 बसें स्कूलों से पंजीकृत हैं। विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार अभी भी लगभग 92 बसों का फिटनेस नहीं हुआ है। ऐसे में सभी प्रबंधक अनफिट बसों को रोड पर लेकर ना आएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बस हादसे के शिकार हुए छह बच्चों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। हम सबको इससे सबक लेकर भविष्य में ऐसा हादसा ना हो, यह सुनिश्चित करना होगा। इस मौके पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, डीएसपी सुरेश कुमार, सचिव आरटीए मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव, प्राइवेट स्कल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कौशिक के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

डीसी ने कहा कि सभी स्कूल प्रबंधक अपनी जिम्मेदारी को समझें। जिस प्रकार वे अपने निजी वाहन की गाड़ी की फिटनेस तथा उसके चालक का ख्याल रखते हैं, उसी प्रकार बसों का भी ख्याल रखें। इस मामले में लापरवाही मिलने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलापफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में स्कूल सेफ्टी कमेटी का तुरंत प्रभाव से गठन किया जाए। इसके साथ ही हर स्कूल में क्राइसिस मैनेजमेंट प्लान भी होना चाहिए। अगर किसी रूट पर सबसे पहले और आखिरी बिंदु पर एक भी छात्र है, तो उस रूट पर महिला अटेंडेंट जरूर होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी चालकों का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट सीएमओ की ओर से जारी किया हुआ होना चाहिए।

### डिजिलॉकर के डॉक्यूमेंट मान्य

स्कूल प्रबंधकों की ओर से डिजिलॉकर के संबंध में उठाए गए सवाल पर उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि डिजिलॉकर के सभी डॉक्यूमेंट वैलिड माने जाएंगे, लेकिन सभी डॉक्यूमेंट की फोटो कॉपी बस में जरूर होनी चाहिए। जीपीएस, कैमरा तथा स्पीड गवर्नर के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए कि ये चीजें तुरंत प्रभाव से लगवाएं। सभी बसों में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 अंकित होना चाहिए।

### एनसीआर में होने का दंड

महेंद्रगढ़ जिला एनसीआर में शामिल है। इस वजह से डीजल की गाड़ी की समयावधि 10 साल है। 10 साल के बाद वाहन की हालत चाहे अच्छी हो, वह नियमानुसार कंडम घोषित किया जाएगा। इसी मुद्दे को लेकर स्कूल संचालकों ने उपायुक्त के समक्ष यह दुखड़ा सुनाया। डीसी का जवाब था कि इस मामले में वह भी कुछ नहीं कर सकती। जो नियम है, उसकी पालना करवाई जाएगी।

### रिश्चत मांगने का आरोप

बीपीएस स्कूल संचालक किशन चौधरी ने बैठक में कहा कि स्कूलों में फायर एनओसी होनी जरूरी है। लेकिन जब यह एनओसी लेने के लिए नारनौल के नगर परिषद में स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय में जाते है तो बिना रिश्वत कर्मचारी एनओसी नहीं देते। वह सीधे तौर पर 50 हजार की डिमांड करते है। यह सुन उपायुक्त ने कहा कि अगर ऐसा कोई मामला है तो तुरंत उनके या अधिकारियों के संज्ञान में लेकर आए, ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

### स्कूल के बाहर नहीं स्पीड ब्रेकर

स्कूल संचालकों ने उपायुक्त से कहा कि जिला में ऐसे बहुत से स्कूल है, जो मुख्य सड़क किनारे है। इन स्कूलों के बाहर पीडब्ल्यूडी विभाग स्पीड ब्रेकर नहीं बनवा रहा। लिखित शिकायत भी दी गई कोई सामधान नहीं हुआ। एचपीएस स्कूल के संचालक हितेंद्र वर्मा ने खुद के स्कूल का उदाहरण देते हुए कहा कि उनका स्कूल नांगल चौधरी रोड पर है। यह नेशनल हाइवे है। अभी नया रोड भी बना है। यहां स्पीड ब्रेकर होना चाहिए। उन्होंने उपायुक्त को लिखित में यह मांग पत्र भी सौंपा।

### कैसे हो वाहन पासिंग

स्कूल संचालकों का कहना था कि पासिंग के लिए स्कूल बस यहां आती है, पर पता चलता है एमवीआई यानि मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर ही नहीं आया। उनकी गैरमौजूदगी में पासिंग नहीं हो सकती। यहां कोई एमवीआई स्थाई नहीं है। पासिंग की तिथि खत्म हो जाए और इस दौरान कोई चालान कर दें तो स्कूल संचालकों की गलती कैसे मानी जाएगी। उपायुक्त ने इस पर कहा कि वह स्कूली वाहनों के लिए अलग से स्पेशल वार निर्धारित करवाने का प्रयास करेगी ताकि उन्हें यह दिक्कत ना हो।

### नहीं मिलेगी मान्यता

**नारनौल।** सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों के संचालक स्कूलों में बच्चों को लाने के लिए जो वाहन लगाए गए हैं, उन वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट 30 अप्रैल तक महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में जमा करवाएं। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि जो स्कूल संचालक 30 अप्रैल तक अपने स्कूल वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट जमा नहीं करवाता है, उसको वर्ष 2024-25 के लिए मान्यता नहीं दी जाएगी।

### स्कूल बस हादसे के मामले में अभी तक सात गिरफ्तार

**कनीना।** जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की बस पलटने के मामले में सिटी थाना पुलिस ने ड्राइवर धर्मेंद्र समेत तीन आरोपितों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने आरोपित ड्राइवर धर्मेंद्र के साथ बस में शराब पीने वाले सेहलंग निवासी नरेश व भूदेव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपितों को 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने ड्राइवर के साथ शराब पीने वाले दो आरोपित हरिश व संदीप को पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में कर चुकी है। जिन्हें कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अभी तक पुलिस सात आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। हरिश, संदीप, भूदेव व नरेश पर आरोप है कि इन्होंने हादसे से पहले बस के ड्राइवर धर्मेंद्र के साथ बस में शराब पी थी। पुलिस ने इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति यादव व सचिव होशियार सिंह को पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। इन दोनों को रिमांड पूरा होने पर 17 अप्रैल को कोर्ट में पेश किया जाएगा। काबिले गौर है कि इस मामले में छह बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों व अध्यक्ष को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। जिसके लिए पुलिस की विभिन्न टीम में लगातार छापेमारी कर रही हैं।

### प्रशासक ने स्कूल पहुंचकर स्टाफ के साथ की बैठक

**कनीना।** बस दुर्घटना के बाद सोमवार को जीएल पब्लिक स्कूल खुला। सामान्य दिनों की तरह स्कूल में अध्यापक व अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए, लेकिन एक भी विद्यार्थी स्कूल नहीं पहुंचा। सोमवार दोपहर को प्रशासक भी स्कूल पहुंचे व कर्मचारी तथा अध्यापकों के साथ बैठक की। स्कूल में करीब 700 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जो छात्र स्कूल में आएंगे उनकी कक्षाएं लगाए जाएगी, लेकिन फिलहाल स्कूल के पास परिवहन के लिए एक ही बस है। जिसके भी कागजात पूरे नही है। 17 बसें 10 साल से ज्यादा पुरानी होने के करण फिटनेस से बाहर हो चुकी है। ट्रांसपोर्ट के लिए रोडवेज विभाग व आरटीओ विभाग से बात चल रही है। शिक्षा समिति के अकाउंट फ्रीज कर दिए है। शिक्षा समिति के बैंक खातों की डिटेल्स निलवाई जा रही है। स्कूल के स्टॉफ को उनकी तनख्वाह मिले और स्कूल के किस्त भी बैंक में जमा करवाई जाए अन्यथा बैंक स्कूल को ताला लगा देगा और अध्यापकों को तनख्वाह नहीं मिलेगी। जिससे पढ़ाई बाधित होगी, लेकिन वह छात्रों की पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने गत दिवस बैठक में उचित व्यवस्था नहीं होने तक नए दाखिले नहीं करने पर रोक लगाई थी। उसका भी पालन किया जा रहा है।

## 17 अप्रैल से बजेगी शहनाइयां खरमास हो गया समाप्त

**महेंद्रगढ़।** पिछले एक महीने से शुभ कार्यों पर लगा विराम अब समाप्त हो गया है। सूर्य ने 14 मार्च को



मीन राशि में प्रवेश किया था, जिससे मलमास (खरमास) प्रारंभ हो गया है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि 13 अप्रैल को सूर्य देव मीन राशि से निकल कर मेष राशि में आ चुके है। मेष में प्रवेश करते ही मलमास (खरमास)की अवधि समाप्त हो गई है। शुभ कार्य जैसे विवाह शादी, गृहप्रवेश, मुंडन, उपनयन संस्कार फिर से शुरू हो जाएंगे।

### विवाह के शुभ मुहूर्त

भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि 17 अप्रैल रामनवमी के अबूझ मुहूर्त के अलावा 18, 19, 20, 21, 22 अप्रैल को विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे। फिर 10 मई का आखा तीज का अबूझ सावा रहेगा। इसके बाद इस महीने फिर से शादियों पर ब्रेक लग जाएंगे। ये विराम तारा अस्त होने के कारण लगेगा। 23अप्रैल को शुक्र अस्त हो जाएंगे। फिर 30 जून को शुक्र उदय होंगे। छह मई को गुरु अस्त हो जाएंगे। दो जून को गुरु उदय होंगे। शास्त्रों के अनुसार शुक्र को भौतिक सुखों का कारक माना जाता है व गुरु शुभ कार्यों के कारक होते है। इसलिए इनके अस्त होंगे पर विवाह शादियां नही होती। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य के समीप कोई ग्रह आता है, तो वह बलहीन होकर अस्त हो जाता है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार का सिर धड़ से अलग, दर्दनाक मौत

- कोटपुतली रोड पर धर्मशाला के सामने की घटना, देर रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ हादसा, गोल गप्पे की रेहड़ी लगाता था मृतक

**नांगल चौधरी।** शहर के कोटपूतली रोड पर रामभवन धर्मशाला के पास एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया तथा उनके बयानों पर पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के भिंड जिले के निवासी रामनरेश कुमार शहर में गोलगप्पे की रेहड़ी लगाता है। देर शाम करीब 10:30 बजे किसी काम से बाइक पर बाजार में जा रहा था।

कोटपूतली रोड पर रामभवन धर्मशाला के सामने एक पिकअप ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार का सिर धड़ से अलग हो गया। एकत्र लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तथा शिनाख्त करना आरंभ कर दिया। इसी दौरान मृतक का भाई भी इसी रास्ते से घर जा रहा था। उन्होंने शिनाख्त करके पुलिस को हादसे की शिकायत दर्ज करवाई। मृतक के पीछे तीन छोटी लड़कियां, पत्नी व परिजन हैं। पीड़ित परिजनों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में थाना इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## फॉलोअप : वेरिफिकेशन के लिए थाने पहुंची महिलाएं

- नाबालिग से रेप का मामला, शहर में 12 हजार से अधिक किरायेदार
- बाहर से आकर रह रहे अधिकतर लोगों का पुलिस के पास नहीं कोई रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सिटी थाने में पुलिसकर्मियों से बात करती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि।

नाबालिग बच्ची के रेप को लेकर सोमवार को महिलाओं ने सिटी थाना पहुंचकर दूसरे आरोपित की गिरफ्तारी व शहर में किराएदार की वेरिफिकेशन करने की मांग की हैं।

पार्षद ममता सोनी ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी अपनी ड्यूटी का अच्छे से निवर्हन करें तो समाज में इसी तरह की घटनाएं सामने ना आएं। उन्होंने कहा कि आठ साल की नाबालिग के साथ हुई घटना के बाद समाज शर्मसार हैं। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे आरोपी मौके से फरार हो गया हैं। फरार हुए आरोपी का किसी के पास कोई रिकॉर्ड नहीं हैं। पुलिस प्रशासन को जल्द से जल्द दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में करीब 12 हजार लोग किराये पर रहे हैं।

अधिकांश किरायेदारों का पुलिस व मकान मालिक के पास कोई रिकॉर्ड नहीं हैं। प्रशासन को जल्द से जल्द सभी किराएदारों की वेरिफिकेशन करनी चाहिए। कुछ समय पहले भी घटनास्थल के समीप ऐसी घटना सामने आ चुकी हैं। भविष्य में इस प्रकार की घटना ना इसके लिए समाज को अलर्ट रहना पड़ेगा। पार्षद ने पुलिस से जल्द से जल्द दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की।

## डीसी ने सुरक्षित वाहन पॉलिसी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# 50 ब्लैक स्पॉट मिले, स्ट्रीट लाइट भी लगेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



- समीक्षा बैठक ली।

नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती उपायुक्त मोनिका गुप्ता।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय में डिस्ट्रक्टि रोड सेफ्टी कमेटी व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी ने बिंदुवार सभी ब्लैक स्पॉट की समीक्षा की। उपायुक्त ने पुलिस विभाग की तरफ से 50 मुख्य स्थान पर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट पर तुरंत प्रभाव से कार्य करने के निर्देश दिए। शहर के बाईपास पर सभी चौराहों पर स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य स्थान पर रेड लाइट के प्रावधान करने के भी निर्देश दिए।

सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजमागार्ें पर लगने वाले स्कूलों के आसपास साइनेज बोर्ड लगाए जाएं और जरूरत अनुसार स्पीड ब्रेकर का निर्माण भी करवाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की अनुपालना के लिए लगातार स्कूल बसों की चेकिंग की जाए। रोड पर ट्रैफिक पुलिस भी लगातार स्कूल बसों पर निगरानी रखें। यह सुनिश्चित करें कि सभी स्कूल बसों के चालक ट्रैफिक नियमों का पूरी तरह से पालन करें। आमजन से भी आह्वान किया कि वे अगर जिले में कहीं भी किसी चालक की ओर से बरती गई लापरवाही को देखते हैं, तो तुरंत प्रभाव से संबंधित स्कूल के प्रबंधक को सूचित करें। इसके लिए सभी स्कूल बसों के पीछे नंबर भी दिया गया है। शहर में महेंद्रगढ़ रोड पर बने जरूरत से ज्यादा कट को बंद करने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाइपास पर कुलताजपुर रोड पर कई स्कूल लगते हैं। बाईपास की सुरक्षित क्रॉसिंग के लिए अधिकारी मौके पर जाकर योजना बनाएं। इस मौके पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, नगराधीश मंजीत सिंह, डीएसपी महेंद्र सिंह, सचिव आरटीए मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
16 अप्रैल 2024



# सहेली



रिलेशनशिप / अनुराग मनींद्र

## बनाए रखें संवाद घुली रहेगी रिश्तों में मिठास

परिजन हों या रिश्तेदार या फिर मित्र, इन सबसे आपके रिश्ते हमेशा मधुर रहें, इसके लिए जरूरी है सबसे निरंतर बातचीत होती रहे, संवाद बना रहे। यह संवाद ही होता है, जो किसी प्रकार के मनमुटाव, गलतफहमी को दूर करता है, हमें रिश्तों की डोर से बांधकर रखता है।

मामूली कहा-सुनी के कारण पिछले कुछ दिनों से लावण्या और काव्या के बीच बातचीत बंद थी। दोनों का 'ईगो' संवाद की पहल करने से रोक रहा था। आखिरकार काव्या ने अपने अहम को किनारे रखकर लावण्या से बातचीत की पहल की। फिर क्या था, उन दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति जो कड़वाहट थी, खत्म हो गई। दोनों का सारा गुस्सा भाप बनकर उड़ गया। यह होता है संवाद का असर!

### संवाद से दूर होती है गलतफहमी

**कई बार** छोटी-मोटी तकरार या कुछ गलतफहमियों की वजह से लोग आपस में बातचीत बंद कर देते हैं। ऐसे में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अगर यह स्थिति



लंबी खिंच जाए तो रिश्तों में दूरियां बन जाती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि गलतफहमी की वजह से संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है या संवाद के अभाव में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इन दोनों ही स्थितियों से अपने रिश्ते को बचाने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। दोनों में से किसी भी पक्ष की अपनी ओर से संवाद बनाए जाने की पहल होनी चाहिए। इससे गलतफहमी दूर हो जाएगी।

**हर रिश्ता अपने-आप में खूबसूरत है:** किसी से रिश्ता, परिवार और समाज द्वारा इंसान को प्राप्त सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जन्म के साथ ही हमारे साथ कुछ रिश्ते जुड़ जाते हैं। फिर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, घर-परिवार और समाज में तमाम लोग हमसे जुड़ते चले जाते हैं। हर रिश्ते का अपना महत्व है। हम पर निर्भर करता है कि हम रिश्तों के महत्व को कितना समझते हैं, इसे कैसे निभाते हैं।

**संवाद के लिए वक्त निकालें:** बहुत ज्यादा व्यस्त होने के कारण भी अकसर लोग अपने रिश्तों को उचित समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में प्रायः संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर इंसान वक्त की कमी का रोना रोता रहता है। 'वक्त की कमी' आज के दौर का सच है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोई इंसान इतना व्यस्त हो कि अपनों के लिए, अपने रिश्तों के लिए जरा भी समय ना निकाल सके। एक फोन-कॉल, एक छोटी-सी मुलाकात, किसी खास मौके पर उपहार, ये सब बातें रिश्तों में मिठास घोलती हैं।


**'ईगो' को रख दें एक ओर :** जब कभी भी दो लोगों के मध्य संवादहीनता की स्थिति आती है तो सवाल यही उठता है कि बातचीत की पहल कौन करे? ऐसे में 'ईगो' बीच में आ जाता है। कई खूबसूरत रिश्ते सिर्फ संवादहीनता की वजह से मुरझा जाते हैं। ध्यान रहे, हमारा 'ईगो' किसी भी सूरत में रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। अपने 'ईगो' को एक किनारे रखें और संवाद की पहल करें। अपनों से 'कहा-सुनी' से बचते हुए, कुछ अपनी कहें, कुछ अपनों की सुनें। इससे आपके रिश्ते हमेशा खिले रहेंगे, मधुर बने रहेंगे।

---

किसी भी कारण अगर बच्चे को पिता का सान्निध्य और संरक्षण नहीं मिलता है तो अकेली मां के लिए बच्चे की परवरिश आसान नहीं होती। सिंगल मदर के बच्चे भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर हो जाते हैं। इनका विकास बहुत ज्यादा बाधित होता है। ऐसे बच्चों की मनोदशा समझना बहुत जरूरी है, ताकि उनकी परवरिश सही ढंग से हो।

कवर स्टोरी / नीलम अरोड़ा

## इमोशनली वीक होते हैं सिंगल मदर के बच्चे



विभिन्न शोध अध्ययनों और सर्वेक्षणों से वैश्विक स्तर पर यह बात उभर कर आई है कि दुनिया में सबसे ज्यादा भावनात्मक रूप से कमजोर सिंगल मदर यानी अकेली मां के बच्चे होते हैं। उनकी यह भावनात्मक कमजोरी उनके समूचे व्यक्तित्व में हर जगह झलकती है। मसलन, सिंगल मदर्स के बच्चों की स्कूली उपलब्धियां कमतर होती हैं। सौ में से कोई एक या दो बच्चा ही पढ़ने में औसत से बेहतर होता है। अपनी कक्षा में सबसे तेज-तर्रार होना तो ऐसी मदर्स के बच्चों के लिए स्वप्न सरीखा होता है, क्योंकि इन बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास उस स्तर का नहीं हुआ होता कि ये व्यावहारिक दुनिया की वास्तविकताओं का सहजता से सामना कर सकें। सिंगल मदर के बच्चे स्वभाव से बेहद चिड़चिड़े, कामचोर और परफॉर्मेंस के मामले में दयनीय होते हैं। इनकी दिनचर्या, शिक्षा, आवास व्यवस्था और पारिवारिक आय में हमेशा सिंगल मदर का बच्चा होना मौजूद रहता है।

### समाज की तमाम खूबियों से वंचित

समाजशास्त्री बार-बार कहते हैं कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए आदमी की परवरिश में सामाजिक तत्वों का बहुत महत्व होता है। जब किसी बच्चे को अपने विकास के क्रम में ये सामाजिक तत्व हासिल नहीं होते, तो वे समाज की उन तमाम खूबियों से वंचित हो जाते हैं, जो खूबियां दूसरे बच्चों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के हासिल होती हैं। अकेले मां-बाप के बच्चे जो ज्यादातर समय अकेले रहते हैं, उनकी भाषा उन बच्चों से भिन्न होती है, जो बच्चे अपने घर के तमाम सदस्यों के साथ रहते हैं। इनकी भाषा असभ्य, हिंसक और सीमित शब्दावलियों वाली होती है, क्योंकि ये कम से कम शब्दों को सीखते हैं और उन्हीं से काम चलाते हैं।

### हमेशा रहते हैं डरे-सहमे

अमेरिका में सिंगल मदर के किशोरों का अध्ययन करने से पता चला है कि ये हमेशा डरे-डरे रहते हैं, क्योंकि यह बचपन में बहुत लंबे समय तक अकेले रहे होते हैं। इनके अंदर समूह में किस तरह व्यवहार किया जाए, इसकी समझ नहीं होती। ये कई लोगों के बीच अचकचा जाते हैं। इन्हें घर से भाग जाना, चोरी करना और शराब पीना ना बुरा लगता है और ना ही इससे इनको किसी तरह का खतरा महसूस होता है। अकेले रहने के कारण इनके शरीर में रासायनिक परिवर्तन की भिन्नता भी देखने को मिलती है। मसलन, इनमें अकसर तनाव का हार्मोन कोर्टिसोल बढ़े हुए स्तर पर पाया जाता है। ये या तो अकसर सोते ही रहते हैं या बहुत कम सोते हैं। ये बहुत आसानी से धूम्रपान या किसी अन्य व्यसन के आदी हो जाते हैं।

### कई तरह की व्याधियों से होते हैं घिरे

अकेली मां के बच्चों की जो एक खास पहचान है, वह यह है कि वो अकसर सिरदर्द या ऐसे अस्पष्ट दर्द से पीड़ित होते हैं, जो उन्हें पता ही नहीं होता कि कहां हो रहा है, किस वजह से हो रहा है। यह ज्यादातर समय गंदे रहते हैं। सजने-संवरने का इन्हें कोई शौक नहीं होता और खाने के मामले में इनमें जरा भी सौंदर्यबोध नहीं होता। ये खाने को इस तरह से खाते हैं कि आमतौर पर किसी दूसरे को देखने में बुरा लगता है। ये अवसाद और चिंताओं से घिरे होते हैं। ये शरीर से कमजोर होते हैं और बहुत कम के चेहरे पर कभी कोई आकर्षण दिखता है। कुल मिलाकर अकेलापन सिर्फ बूढ़ों को ही लाचार नहीं बनाता बल्कि अगर यह छोटे बच्चों के जीवन में भी मौजूद होता है, तो उन्हें भी यह बचपन से कुंठित कर डालता है। इसलिए ऐसे बच्चों की परवरिश में मां को बहुत सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। ऐसे में सिंगल मदर्स के प्रति परिजन, रिश्तेदार और आस-पास के लोगों का एक सामाजिक दायित्व बनता है कि वे अकेली मां को ही नहीं, उसके बच्चे को भी अपना प्रेम-स्नेह दें, उनका भावनात्मक संबल बनें, ताकि वे अपने आपको अकेला, निसहाय ना समझें। बच्चों का विकास सही ढंग से हो।



### अकेले रहना करते हैं पसंद

**देखा यही** गया है कि अकेली मां के बच्चे स्कूलों में सहजता से टीचर की बातें समझ नहीं पाते। समझते हैं तो सीख नहीं पाते और टीचर ही नहीं बल्कि अपने सहपाठियों के साथ भी तालमेल नहीं बैठा पाते। इन्हें उनका व्यवहार अटपटा लगता है और बाकी बच्चों की नजरों में अकेली मां के ये बच्चे अबूझ किस्म के होते हैं, ये बच्चे ज्यादातर समय अकेले रहना पसंद करते हैं। अकेले रहते हुए कई तरह की असुरक्षाओं से दो-चार होते हैं। इनका शरीर तो पर्याप्त पोषण से वंचित होता ही है, इनके मन और दिमाग को भी पर्याप्त पोषण नहीं मिलता। ज्यादातर सीरियल किलर विस्तृत अध्ययन में एकल मां-बाप के बच्चे पाए गए हैं या जिन्हें बचपन में लंबे समय तक अकेले रहना पड़ा है।

---



बिहेवियर / शीला श्रीवास्तव

## पति के मित्रों का जरूर करें आदर-सत्कार लेकिन...

पति के मित्र भी आपके अतिथि हैं, आत्मीय हैं। वे जब घर आएं तो उनका पूरा आदर-सत्कार करें, लेकिन कुछ बातों का ध्यान भी जरूर रखें, यह रिश्तों की मर्यादा के लिए जरूरी है।

पति के मित्र पत्नी के भी आत्मीय होते हैं, क्योंकि वे दुःख की घड़ी या आपात-स्थिति में मददगार होते हैं, परिवार का संबल बनते हैं। इस मित्रता में आदर-सत्कार और स्नेह के भाव जरूर होने चाहिए, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

**बनाए रखें शालीनता :** पति के मित्रों से बात करना गलत नहीं है, लेकिन बातचीत की भाषा कभी भी हल्की नहीं रखें, ना ही उल्टे-सीधे मजाक करें। कोई ऐसी हरकत भी ना करें, जिससे आपकी छवि बिगड़े। पति के मित्रों के साथ हमेशा शालीनता से पेश आएं। एक गरिमा बनाकर रखें, इससे उन पर आपके व्यक्तित्व का अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**शिकायत ना करें:** अपने घर-गृहस्थी और परिवार के लोगों की शिकायत कभी भी भूलकर पति के मित्र के सामने ना करें, जैसे 'मैं आपको क्या बताऊं भाई साहब, सालों हो गए हमें मूवी देखे।', 'रेस्टोरेंट जाने को बोलो तो एक ही बात उनके जुबां पर होती है, मुझे बाहर का खाना नहीं जमता।' साथ ही पति के मित्रों से कभी अपने पति की तुलना ना करें, ना ही उनकी किसी कमजोरी का जिक्र करें, जैसे 'भाई साहब आप अपनी वाइफ का कितना ख्याल रखते हैं और एक ये हैं, इन्हें तो मेरी कोई फिक्र ही नहीं रहती। अब मैं आपसे क्या-क्या बताऊं...।' ऐसी शिकायतों से आपके पति के मित्र को ऐसा लग सकता है कि आप अपने पति से खुश नहीं हैं। जब ऐसी शिकायतें आपके पति को पता चलेंगी तो इसका गलत असर आपके दांपत्य जीवन पर पड़ सकता है।

### पति की अनुपस्थिति में ज्यादा देर ना बैठाएं

**पति की** अनुपस्थिति में उनके मित्र से बहुत अधिक समय बात ना करें या रुकने को ना कहें। घर में अन्य सदस्य हैं तो भी



थोड़े से अतिथि सत्कार के बाद उन्हें विदा कर दें। विशेषकर जब आप घर में अकेली हों तो जहां तक संभव हो, उन्हें घर के अंदर बैठाने से बचें।

**पति से कुछ ना छिपाएं:** यदि आपको पति के मित्र की कोई हरकत पसंद नहीं आ रही हो, अनुचित लगे तो तुरंत अपने पति को बताएं ताकि उनके सामने उस मित्र की असलियत पता चले और पति इस पर अपने ढंग से टोकें या ऐसे मित्र से एक दूरी बना लें।

**बुरे व्यसन वालों से रहें सावधान:** पति की दोस्ती कई प्रकार के लोगों से हो सकती है, जिन्हें कुछ कारणों से निभाना ही पड़ता है। इनमें कोई ऐसा मित्र भी हो सकता है, जो मद्यपान करता हो, आप ऐसे व्यसन करने वालों से दूर रहें। पार्टी आदि में मद्यपान करने वाले पति के मित्रों के नजदीक ना जाएं।

**गलत फायदा ना उठाने दें:** आपके मृदुभाषी और अपनेपन से पेश आने पर पति का कोई मित्र अन्यथा ना ले, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। कभी-कभी रिजर्व नेचर रखना भी जरूरी होता है। ज्यादा करीब आने या अधिकार जताने वालों से सावधान रहें। पति के सभी मित्र एक समान नहीं होते, इसलिए इनके प्रति आपकी एक भले-बुरे इंसान की पारखी नजर जरूरी है।

---

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

## स्ट्रेच मार्क्स अपनाएं ये घरेलू उपाय

शरीर का वजन अचानक बढ़ने या घटने से स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाना एक सामान्य समस्या है। महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण पेट, पैर और कूल्हों की चर्बी अचानक बढ़ या घट जाती है, तब भी यह समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इससे निजात पा सकती हैं-



- स्किन का लचीलापन बरकरार रखने और उसे भीतर से हाइड्रेशन देने के लिए पानी समुचित मात्रा में पिएं।
- स्किन को हमेशा हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज्ड रखें। इससे स्किन स्मूद होती है और इसकी टोनिंग हो जाती है। पेट, लोवर बैक, जांघों, पैरों और कूल्हों की चर्बी पर भी मॉयश्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं।
- हायल्यूरोनिक एसिड जैल, स्किन हाइड्रेशन के लिए बेहद उपयोगी है। इससे रोज मालिश करना फायदेमंद है।
- दिन में दो बार तेल (ऑलिव, आल्मंड, कैस्टर, कोकोनट जो आपको पसंद हो) की मालिश करना भी अच्छा उपाय है। यह नहाने के तुरंत बाद करें तो ज्यादा फायदेमंद है।
- एलोवेरा जैल को स्किन पर लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स से राहत मिलती है।
- अंडा, प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। स्किन पर अंडे का सफेद भाग लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स कम होते हैं।
- कोको बटर या शिया बटर अच्छे स्किन मॉयश्चराइजर हैं। इनसे स्ट्रेच मार्क्स पर सर्कुलर मसाज करें तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। कोको बटर लोशन को विटामिन ई ऑयल के साथ लगाकर रोज सुबह मालिश करना अधिक फायदेमंद होगा।
- सनस्क्रीन लोशन भी लगा सकती हैं।
- हमेशा स्किन की नरिशिंग करने वाले न्यूट्रिशस फूड्स लें।

---

गर्मी के मौसम में यंग और मिड एज की महिलाएं अकसर डल स्किन, ड्रायनेस और टैनिंग से परेशान रहती हैं। इनसे निजात पाने के साथ ग्लो बनाए रखने के लिए आप कुछ ईजी होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## आजमाएं होम रेमिडीज पाएं ग्लोइंग स्किन



ब्यूटी सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में धूप के संपर्क और घर से बाहर धूल-प्रदूषण में रहने से स्किन ड्राय, बेजान और टैन हो सकती है। गर्मी में धूप और पसीने से स्किन ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से कुछ इंस्टेंट फायदा तो मिल सकता है, लेकिन लंबे समय में नुकसान झेलना पड़ता है। जबकि घरेलू उपायों को आजमाने से मनचाहा रिजल्ट पाने में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन इससे स्किन पर नेचुरल ग्लो आता है, वो भी किसी साइड इफेक्ट और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना। आप इन होम रेमिडील से मनचाही ग्लोइंग स्किन प्राप्त कर सकती हैं।



- गर्मी में स्किन पर आइस क्यूब लगाना फायदेमंद होता है। इससे स्किन में अच्छी तरह से ब्लड सर्कुलेशन होता है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाने वाली हैं तो मेकअप से कुछ समय पहले अपने चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। स्किन पर आइस क्यूब की मालिश करते समय इसमें अगर मॉयश्चराइज़र की कुछ बूंदें डाल लें तो लंबे समय तक ग्लो बना रहेगा।
- एक-दो गेंदे के फूलों को पीसकर उसमें दही, चंदन का पावडर मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें। इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी। पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे।



- शहद और दही में कुछ बूंदें रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉयश्चराइज भी करेगा। इससे टैनिंग दूर होगी।



- गुनगुने दूध में थोड़ा सा चोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। अब नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर इसे लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें। ऐसा रेग्युलर करने से कॉम्प्लेक्शन निखरेगा।
- ताजे-कच्चे एवोकैडो के पल्प में एलोवेरा जैल मिलाकर पैक बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। एवोकैडो में कई विटामिंस, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होते हैं।
- मुल्तानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। इससे चेहरा ड्राय और डल नहीं दिखता।
- अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें फिर उसका पेस्ट बना लें। इसमें मैश किया हुआ टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगाकर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खीरे और पके पपीते को मैश कर इसमें दही मिलाएं। अब इसमें नीबू का रस डालें। इस पेस्ट को लगाकर आधे घंटे बाद चेहरा धो लें।
- ड्राई स्किन के लिए रेड वाइन, एलोवेरा जैल और मिल्क पावडर से तैयार पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगा कर रखें। फिर पानी से साफ कर लें। इससे चेहरा खिल उठेगा।

---

मेकअप / साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

मैरिज फंक्शन को अगर छोड़ दें तो आमतौर पर लाइट मेकअप ही अच्छा लगता है। इसकी वजह है कि इसमें आपका नेचुरल लुक निखर उठता है। कैसे करें घर पर लाइट मेकअप, स्टेप बाई स्टेप जानिए।

## लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक



चेहरे पर खूबसूरती तभी-झलकती है, जब आपका चेहरा नेचुरल नजर आ रहा हो। कहने का मतलब है, मेकअप ऐसा होना चाहिए कि पता भी नहीं चले कि आपने मेकअप कर रखा है। मेकअप के साथ आपका फेस ग्लोइंग और नेचुरल नजर आना चाहिए। यहां बताए जा रहे स्टेप्स को फॉलो कर आप घर पर ही लाइट मेकअप कर सकती हैं।

**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें।



**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। फाउंडेशन हमेशा अपनी स्किन से एक टोन लाइटर लेना चाहिए। बहुत ज्यादा फाउंडेशन अपने फेस पर नहीं लगाएं।

**ब्लशर-हाइलाइटर:** फाउंडेशन को लगाने के बाद आप ब्लशर का इस्तेमाल करें। इसे लगाने से पहले ध्यान रखें कि इसमें बहुत ही हल्के रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए। जैसे कि पीच और पिंक कलर के ब्लशर लाइट मेकअप के लिए बेस्ट होते हैं। अगर आपका मन हाइलाइटर लगाने का है तो उसे भी आपको बिल्कुल लाइट शेड में ही लगाना चाहिए, इससे आपका लुक पूरी तरह नेचुरल नजर आएगा।

**लिपस्टिक:** मेकअप में सबसे ज्यादा अट्रैक्शन होता है लिपस्टिक का। लिपस्टिक को आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं, क्योंकि अपनी स्किन टोन के हिसाब से आपको पता होगा कि आप पर किस कलर की लिपस्टिक जंचती है? लेकिन अगर आपको नेचुरल लुक चाहिए तो आप बहुत ज्यादा ब्राइट शेड के बजाय लाइट कलर लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें। इससे आपका नेचुरल लुक कंप्लीट हो जाएगा।

**प्रस्तुतिः मानसी**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### नीड़ी हेल्प ग्रुप ने किया बेटी की शादी में सहयोग

**नारनौल।** नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप ने संस्था की मुहिम सुकन्या विवाह के अंतर्गत एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में कन्यादान किया। ग्रुप ने कन्यादान स्वरूप में बर्तन सेट, कुकर, मिक्सी, ट्रे सेट, कप सेट, अटेची, सीनरी, प्रेस, पंखा, बॉटल, 11 सूट-साड़िया, फ्रॉक सूट, थर्मस, लेडीज पर्स, पैंट-शर्ट आदि दिए।

### एसडी स्कूल में दिवंगत छात्रों को दी श्रद्धांजलि

**कनीना।** एसडी विद्यालय ककराला के चेयरमैन जगदेव यादव, प्रबंधन समिति के सदस्य, स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने बस दुर्घटना में दिवंगत हुए स्कूली बच्चों के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन धारण किया तथा भगवान से प्रार्थना की कि परिवारजनों को दुःख की घड़ी का सामना करने की ताकत दें।

### रामनगर कॉलोनी में माता की चौकी आयोजित

**नारनौल।** टाईगर क्लब के तत्वावधान में रविवार रात को छठे नवरात्र पर रविदत्त शर्मा के निवास स्थान रामनगर कॉलोनी में माता की चौकी का आयोजन किया गया। यजमान रविदत्त शर्मा व उनकी पत्नी थे। पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान राकेश यादव, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र यादव ने की।

### माता भूरा भवानी में माता का जागरण आज

**महेंद्रगढ़।** माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सिसोठ द्वारा मंदिर परिसर में आज होने वाले जागरण की तैयारी में मंदिर कमेटी के सभी सदस्य जुट गए हैं। प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया, पूर्व प्रधान मनपाल, कमेटी सदस्य मुकेश चौहान व राधेश्याम ने बताया कि मंगलवार की रात्रि आठ बजे से माता रानी की इच्छा तक महंत शक्तिनाथ महाराज की अगुवाई में होगा।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए समझाया वोट का महत्व

**नारनौल।** स्वीप का प्रमुख लक्ष्य चुनाव के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने व जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। यह बात नांगल चौधरी तहसीलदार निशा ने सोमवार को राजकीय महाविद्यालय छिलरो में स्वीप कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कही।

### कथा में नाग वध-गोवर्धन पर्व पूजा का सुनाया प्रसंग

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव धनुंदा के बाबा दयाल मंदिर में हो रही भागवत कथा के व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक गोपी किशोरी ने कालिया नाग वध व गोर्वधन पर्व पूजा का मार्मिक प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाकर भाव-विभोर किया। गोपी किशोरी ने कहा कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति में सद्गुण विकसित होते हैं। धार्मिक भावना जागृत होती है और धर्म की जड़ ही सदा हरी रहती है। इस दौरान समाजसेवी बसपा नेता अतर लाल एडवोकेट ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथावाचक गोपी किशोरी को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## डॉ. अभय बोले, देशभर से 15 लाख लोगों से मिले सुझाव


# भाजपा का हर संकल्प मोदी की गारंटी से युक्त

### राज्यमंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के सिंचाई मंत्री डा. अभयसिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र को संकल्प पत्र बताते हुए इसकी प्रशंसा में कहा कि घोषणा पत्र का हर संकल्प मोदी की गारंटी से युक्त है तथा यह देशवासियों के लिए जनकल्याण वाला संकल्प पत्र सिद्ध होने वाला है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष दयाराम यादव भी मौजूद थे। डा. अभयसिंह यादव ने कहा कि संकल्प पत्र के लिए देशभर से 15 लाख सुझाव आए थे, जिन पर गहन विचार-विमर्श करके संकल्प पत्र तैयार किया गया है। इसके लिए बहुत बड़ी एक्सरसाइज की गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अपने वादे को पूरा करती है। हमारे कथन और करनी में कोई अंतर नहीं है। देश के नागरिक भी यही मानने लगे हैं कि भाजपा अपने संकल्पों से सशक्त भारत का रोडमैप पेश करती है और समाज के हर वर्ग के विकास की प्रतिबद्धता को भी सामने रखती है। उन्होंने बताया कि रथ, संस्थाओं और व्यक्तियों के माध्यम के साथ-साथ ऑनलाइन नमो ऐप वीडियो विचार-विमर्श किया गया।



नारनौल। रेस्ट हाउस में पत्रकारवार्ता करते सिंचाई मंत्री डा. अभयसिंह यादव।

उन्होंने बताया कि भाजपा का संकल्प पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभों युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब, सभी को सशक्त करता है। एक तरफ हमने कई सारे इन्फ्रास्ट्रेक्चर निर्माण से बड़ी संख्या में रोजगार बनाने की बात की है। दूसरी तरफ हम स्टार्टअप और ग्लोबल सेंटर्स को बढ़ावा देकर हाई वैल्यू सर्विसेज पर भी ध्यान देने जा रहे हैं।

#### पोषण युक्त हो थाली

यह सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषण युक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो-सस्ती हो। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों या फिर उच्च मध्यम वर्ग ही क्यों न हों, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया को दिशा दिखा रहा है। भाजपा का संकल्प, भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इससे वैल्यू एडीशन होगा, किसान का फायदा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। ये फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स, रूरल इकॉनॉमी के नए ग्रोथ इंजन बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा, विकास भी और विरासत भी के मंत्र पर विश्वास करती है। हम पूरी दुनिया में कल्चरल सेंटर्स का निर्माण करेंगे। देश में टूरिज्म के पोटेंशियल को अनलॉक किया जाना बाकी है। भाजपा द्वारा विश्व प्रवासी-ग्लोबल टूरिस्ट्स को हमारी विरासत से जोड़ा जाएगा और इस विरासत को हम वर्ल्ड हेरिटेज से जोड़ेंगे। 21वीं सदी के भारत की बुनियाद, भाजपा तीन तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है। पहला है सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, दूसरा फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा तीसरा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी देशहित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं



### गुरुकुलम के विद्यार्थियों ने दिवंगत बच्चों को दी श्रद्धांजलि

**नांगल चौधरी।** गुरुकुलम स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन चेयरमैन अभय गुर्जर की अगुवाई में हुआ। जिसमें उन्हाणी स्कूल बस हादसे में मृतक बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि उन्हाणी के पास घटित स्कूल बस हादसा हृदय विदारक है। हादसे का जिम्मेवार कोई भी हो, लेकिन नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती। पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की शक्ति के लिए भगवान से प्राथना की गई। दो मिनट मौन धारण करके मृतकों को भावभिनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों से जागरूक किया। कहा कि जेब्रा लाइन पर ही सड़क पार करनी चाहिए, इस संकेत पर वाहनों की रफ्तार धीमी रखने की हिदायत है। बस में सीट पर बैठकर ही सफर करने की हिदायत दी, तर्क दिया कि चालक की ओर से अचानक ब्रेक मारने की स्थिति में खड़े हुए बच्चे गिर सकते हैं। इस मौके पर संस्था के डीन दरियाव यादव, निदेशक राजपाल सिंह, अजय शर्मा व स्टॉफ मौजूद था।

### मोदाश्रम में शिवभक्तों की बैठक आयोजित

**महेंद्रगढ़।** मोदाश्रम प्रांगण में शिवभक्तों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मोदाश्रम में व्यापक अव्यवस्था के बारे में चर्चा हुई। जिसमें पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई, फाइबर टीनशेड का क्षतिग्रस्त व्यवस्था, मंदिर परिसर में आवारा कुत्तों का जमावड़ा व काटने का खतरा, मंदिर की छत का टपकना आदि समस्याओं के बारे में कार्यकारी अध्यक्ष को दूरभाष के माध्यम से बताया गया तो उनके द्वारा पल्ला झाड़ते हुए यह कहा गया कि तुम प्रधान बन के ठीक करवाओ। सभी उपस्थित शिव भक्तों ने यह निर्णय लिया गया है कि मोदाश्रम प्रांगण की उचित देखरेख के लिए पूरे शहर की मीटिंग तत्काल बुलाकर प्रधान का चुनाव किया जाए।

### पूजा व यज्ञ से खत्म होते हैं सभी ग्रहों के बुरे प्रभाव

**कनीना।** नवरात्र के उपलक्ष्य में महासर स्तिथ दुर्गा माता मंदिर में शतचंडी यज्ञ का पाठ किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सातवें दिन शतचंडी की पूजा अर्चना की गई। शतचंडी के मुख्य यजमान मनबीर लाबा, दीपक कुमार, गितांश लांबा, हितार्थ लांबा, जयकश लांबा, अदवित लांबा थे। शतचंडी यज्ञ का आचार्य संजय शास्त्री, आचार्य लालचंद विधिविधान से करवाया। संजय शास्त्री ने बताया कि रामकुमार लांबा परिवार पिछले 35 वर्ष से धर्मशाला में शतचंडी यज्ञ करवा रहे है। शतचंडी का पाठ प्रभावशाली यज्ञ व अनुष्ठान होता है। जिसमें नवरात्रि के दौरान हर दिन दुर्गा सप्तशती पाठ व मंत्र जाप की शक्ति भी शामिल है। शतचंडी हवन एक विशिष्ट पूजा व यज्ञ है।




### छात्राओं को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

**नारनौल।** राजकीय शिक्षण महाविद्यालय में सात से 14 अप्रैल तक विश्व स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान रेड रिबन क्लब की प्रभारी डा. रेखा कुमारी की देखरेख में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा एचआईवी/एड्स व टीबी विषय पर विस्तृत व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए डोक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इसके अलावा महाविद्यालय को तम्बाकू रहित रखने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इससे संबंधित जागरूकता व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिता, वार्तालाप व तम्बाकू रहित रहने के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलावाई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. नीलम शर्मा, डा. रेखा कुमारी व सुरेद्र कुमार ने निभाई।

### कनीना मंडी में उठान नहीं होने से मंडी में लगा गेहूं का ढेर

**कनीना।** कनीना की पुराने अनाज मंडी में 16468 क्विंटल गेहूं तीन दिन में खरीदा जा चुका है, लेकिन एफसीआई की ओर से गेहूं रखवाने के लिए स्थान उपलब्ध न करवाने के चलते गेहूं मंडी में ही रखा गया है। जिसके चलते वहां पर गेहूं का ढेर लगा है। खरीद एजेंसी हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के खरीद अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके पास बारदाने का उचित स्टॉक है, लेकिन गेहूं का उठान अब तक नहीं हुआ है। दूसरी ओर नई अनाज मंडी में सरसों की खरीद जारी है। वेयरहाउस ने सोमवार को 6200 क्विंटल सरसों खरीद की गई, जिसको गोदाम में रखवाया जा रहा है।



### मौहल्ला महायचान में आंबेडकर को किया याद

**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला महायचान में रविवार की रात्रि को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान मौहल्ले के युवाओं ने आंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। अशोक लोहमरोड ने बताया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा की। उन्होंने समाज सेवा और आंदोलन में कार्य भारतीय समाज को समग्र रूप से प्रभावित किया उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान ने भारतीय नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्रदान किया। आंबेडकर समाज के कमजोर, मजदूर, महिलाओं आदि को शिक्षा के जरिए सशक्त बनाना चाहते थे। इसी कारण डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को भारत में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस मौके पर अशोक लोहमरोड, राकेश कुमार, संजीव गौतम, अतुल कुमार, मनोज कुमार, सोनू, अमन कुमार, हरिश कुमार, रमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## स्कूलों में योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं हकेंवि के विद्यार्थी

- प्रशिक्षण के साथ योग के स्वस्थ रहने में महत्व से भी करवाया जा रहा अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। योग प्रशिक्षण में प्रतिभागिता करते स्कूली विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

योग एक ऐसी विधा है, जिसका अभ्यास जन-सामान्य को निरोगी रहने के लिए करना चाहिए। इससे उपयोग से स्वस्थ शरीर व एकाग्रता को प्राप्त किया जा सकता है। योग के इसी महत्त्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थी विशेष कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्कूलों में योग प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विशेष रूप से कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसके संयोजक विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन कुमार है।

योग विभाग के प्रभारी डॉ. अजय पाल ने बताया कि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान के मार्गदर्शन में योग विभाग, सामाजिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के योग विभाग के एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के द्वारा उनके लघु शोध में प्रयुक्त होने वाले कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए आसपास के विद्यालयों में विद्यार्थियों को योग का शिक्षण और प्रशिक्षण दे रहे हैं। इनमें योग विभाग की विद्यार्थी संगीता, यदुवंशी शिक्षा निकेतन, पटीकरा, नारनौल और दीपांशु, नारनौल राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय, गुगड़िया, बसई, बहरोड़, राजस्थान के स्कूल में योग प्रशिक्षण दे रहे हैं। डॉ. अजय पाल ने बताया कि योग विभाग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महेंद्रगढ़ जिले के कई स्थानों पर सामान्य योग प्रशिक्षण दे रहा है।



### स्कूल बस हादसाः आरोपितों पर 302 की हो कार्रवाई

**सिहमा।** कनीना के उन्हानी के पास हुए स्कूल बस हादसे में संलिप्त सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जानी चाहिए। आरोपितों पर हत्या की धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। यह बात विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने मृतक स्कूली बच्चों के घर झाड़ली व धनुंदा पहुंचकर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कही। इस अवसर पर जितेंद्र भारद्वाज ने हादसे में मरने वाले बच्चों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह घटना कोई दुर्घटना नहीं है, बल्कि बस चालक, स्कूल प्रबंधन व गैर-जिम्मेवार अधिकारियों की घोर लापरवाही है। ऐसी दर्दनाक घटना की सूचना सुनकर ही आम व्यक्ति की आत्मा कांप गई थी। जितेंद्र भारद्वाज ने मृतक व घायल बच्चों के परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन हरियाणा अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ, आनंद जोशी, एडवोकेट हेमंत शर्मा, मुकेश जोशी, खेमचंद शर्मा, उमादत्त शर्मा, धीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राजकीय कॉलेज में स्वास्थ्य दिवस सप्ताह संपन्न

- कार्यक्रम के दौरान खान-पान व स्वास्थ के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कार्यक्रम समापन पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाते डा. चन्द्रमोहन। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय पीजी कॉलेज में आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह का समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा ने की। इस अवसर पर प्राचार्या ने विधार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने व उचित आहार-व्यवहार का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पहला सुख निरोगी काया होता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया कि महाविद्यालय में सात से लेकर 15 अप्रैल तक विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत व जागरूक करने के लिए अनेक प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय स्तर की क्विज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इसके अलावा एचआईवी/एड्स, कैंसर व तपेदिक जागरूकता रैली निकाली गई तथा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 व नाको एड्स एप का प्रमोशन किया गया। विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स जागरूकता डॉक्यूमेंट्री फिल्म टीच एड्स दिखाई गई। इसके साथ ही साथ विद्यार्थियों व महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों को शपथ दिलाई गई। डा. रविंद्र यादव व डा. सत्यपाल सुलोदिया, प्रियंका शर्मा ने एचआईवी एड्स, तपेदिक रोग आदि विषयों पर विस्तार व्याख्यान दियाय। इसके अलावा एड्स जागरूकता प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया व विजेता टीमों को सम्मानित किया। उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर, डा. नरेश यादव, डा. सुधीर कुमार, डा. सोनू जागलान, डा. अजय तंवर, प्रो. पूनम, डा. मनोज कुमार कनोजिया, संजय कुमार, डा. पूनम इत्यादि मौजूद रहे।

### साइंस क्विज में अलका शीतल व मुस्कान प्रथम

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में इंटर कॉलेज साइंस क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस साइंस क्विज में महाविद्यालय के विज्ञान विभाग की छह टीमें सम्मिलित हुई। इनमें से अलका, शीतल व मुस्कान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्चना, पूजा व प्रिया की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया, कोमल व खुशी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ज्ञानचंद राणा ने विजेताओं को सम्मानित किया। उपप्राचार्य डा. यशपाल ने भाग लेने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डा. पवन कुमार, डा. संदीप, डा. चिरंजीव तायल, डा. संदीप, डा. नीतू, डा. साधना यादव, डा. नीलम, डा. रेखा सैनी, डा. रमन, डा. मनीषा, डा. पूनम, डा. पूनम बाई, डा. ऊषा, डा. ममला व डा. समता इत्यादि भी मौजूद रहे।

### जिला महेंद्रगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन ने आयोजित की प्रतियोगिता

## पावर लिफ्टिंग में विश्वजीत ने जीता स्ट्रांग मैन का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से भारती जिम में चौथी जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें सुमित गिरी महाराज माजरी धाम मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सूबेदार धर्मवीर सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को खेल गतिविधियों में ही हिस्सा लेना चाहिए। खेलों में हिस्सा लेने से जहां शारीरिक विकास होता है वहीं मानसिक तौर पर भी युवा मजबूत होता है। आज युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना भविष्य संवार रहे है।





23 नारनौल। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि

वह समय गया जब परम्परा था कि खेलकूद करने से कुछ नहीं होगा। आज का युवा विभिन्न खेलों में रातदिन मेहनत कर अपना भविष्य बना रहा है। इससे वह क्षेत्र, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि नशा से दूर रहकर खेलों में भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि अभिभावकों का सिर फर्क से ऊंचा उठ सके। इस मौके पर संस्था जिला अध्यक्ष सूबेदार धर्मवीर सिंह, मोहन कारोली, भारती जिम संचालक मुकेश भारती सहित सैकड़ों खिलाड़ी मौजूद रहे।

#### यह बने विजेता

एसोसिएशन के जिला सचिव संजय कुमार ने बताया कि सब जूनियर 53 किलोग्राम बार वर्ग में गुलशन ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं 59 किलोग्राम में प्रमोद ने प्रथम स्थान और वीरेंद्र सोनी ने द्वितीय स्थान पाया। प्रतियोगिता के 66 किलोग्राम भारवर्ग ध्रुव ने पहला व सुमित दूसरे स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि 74 किलोग्राम भार वर्ग में गोविंद शर्मा ने मुकाबला जीता। वहीं जित दूसरे नंबर पर रहा। 83 किलोग्राम भारवर्ग में वैभव प्रथम रहा। इसी तरह जूनियर वर्ग में 66 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशु ने बाजी मारी और प्रथम रहा। 74 किलोग्राम भार वर्ग में विश्वजीत सिहोर ने पहला नंबर पाया। 93 किलोग्राम भारवर्ग कपिल देव प्रथम रहा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सिहोर के विश्वजीत ने स्ट्रांग मैन का खिताब हासिल किया।

## पूर्व विधायक ने सड़क हादसे पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

कनीना-उन्हाणी स्कूल हादसे पर गहरा शोक प्रकट करते हुए पूर्व विधायक एवं हरियाणा किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष नरेश यादव ने कहा कि सरकार इस हृदय विदारक घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का काम करें। उन्होंने एक पत्रकारवार्ता में कहा कि निजी स्कूलों के संचालक अभिभावकों से मोटा मुनाफा कमाने का काम करते हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से सबकुछ दिखावा साबित हो रहा है। मात्र आठ से 10 हजार रुपये में बिना अनुभव के चालकों को वाहन देकर बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नरेश यादव ने सरकार व प्रशासन से मांग कि है कि घायल बच्चों का निःशुल्क ईलाज कराने के साथ 10 लाख तथा साथ में मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपये देने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह मासूम बच्चे अपने परिवारों का पालन-पोषण करते, लेकिन बस चालक की लापरवाही के कारण काल के ग्रास बन गए।



नरेश यादव

**सूचना**

मै अमरनाथ पुत्र मूलचंद वासी मौहल्ला रामनगर कालोनी गली नं. 1 नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा लडका प्रिंस मेरे कहने के अनुसार नहीं चलता और अपनी मनमर्जी करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मै राम सिंह पुत्र मुरली धर वासी गांव मंडलाना तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संदीप मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में लडाई झगडा करता रहता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### धौलेड़ा में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**नारनौल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षा मंच धौलेड़ा की ओर गांव की अनुसूचित जाति चौपाल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि नांगल चौधरी पंचायत समिति चेयरपर्सन के प्रतिनिधि कर्मपाल थे।

### दुष्यंत आज चार विस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राव बहादुरसिंह के समर्थन में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला 16 अप्रैल को जिला महेंद्रगढ़ में आएंगे। जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस दौरान दुष्यंत चौटाला जिला की चारों विधानसभा से जुड़े कार्यकर्ताओं की अलग-अलग बैठक लेंगे। दोपहर 12 बजे यदुवंशी स्कूल कनीना पहुंचेंगे और वहां अटेली विधानसभा के जजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

### आग पर काबू पाने को जागरूकता कार्यक्रम

**नारनौल।** अग्निशमन विभाग की ओर से सोमवार को केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में आग पर काबू पाने के उपायों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य रूप से आग पांच प्रकार की होती है और इन पर काबू पाने के उपाय भी अलग-अलग होते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से तीन प्रकार के उपायों से आग पर काबू पाया जा सकता है।

### बंद मकान में चोरों की सेंध जेवरात व अन्य सामान चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव गढ़ी में बंद मकान से अज्ञात चोर जेवरात व अन्य सामान चोरी करके ले गए हैं। मकान ने मालिक सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर सामान बरामद करने व चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### सेवानिवृत्ति पर गोशाला में लगाई सवामणी

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ खेड़की गौशाला में नांगलकाठा निवासी नरेश मास्टर ने अपनी सेवानिवृत्ति पर गायों के लिए सवामणी आयोजित की। उन्होंने गौशाला को 5100 रुपये की नकद राशि भी सहायतार्थ प्रदान की। वह 28 वर्ष से अधिक नौकरी करने उपरांत सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में सवामणी लगाई।

### मोहल्ला देवस्थान में किया माता का जागरण

**नारनौल।** मोहल्ला देवस्थान में संवत 2081 की चैत्र शुक्ल सप्तमी को अनु अग्रवाल के निवास स्थान पर माता का जागरण किया गया। महिला शाखा की संयोजिका प्रतिभा भारद्वाज ने बताया कि भारत विकास परिषद की महिला शाखा की ओर से चैत्र नवरात्रि में प्रत्येक दिन माता का जागरण किया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को अनु अग्रवाल के निवास स्थान पर जागरण किया गया।

## चेकिंग के दौरान पुलिस से उलझे स्कूल बस ड्राइवर, काटे चालान

# छुट्टी के बाद सड़कों पर आईं बसें तो पुलिस ने बढ़ाई चेकिंग, रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल







**नारनौल।** गर्मागर्म बहस करते पुलिस एवं प्राइवेट स्कूल बस संचालक व प्राइवेट स्कूल बस वालों को हिदायत देती पुलिस व काटे गए चालान पर हस्ताक्षर करता स्कूल बस ड्राइवर। फोटो : हरिभूमि

गत 11 अप्रैल को कनीना खंड के गांव उन्हाणी के पास स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर करीब चार दिन बाद जिले के प्राइवेट स्कूल खुले। जब यह प्राइवेट स्कूल खुले तो दोपहर को करीब दो-ढाई बजे बसों को चेक करने के लिए मुस्तैद थी। नारनौल शहर में रेवाड़ी रोड पर दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी होने पर बच्चों को लेकर आ रही बसों को ताबड़तोड़ चेक करने लगे। इससे इस अति व्यस्त मार्ग पर देखते ही देखते तुरंत ही रोड जाम लग गया। सड़क पर स्कूल बसें ही बसें नजर आ रही थी और इनके बीच अन्य वाहन भी फंस गए। इस दौरान बस संचालकों एवं पुलिस वालों की बीच काफी गर्मागर्म बहस एवं तकरार भी देखने को मिली, लेकिन पुलिस के तेवरों के सामने बस वालों की एक न चली। पुलिस काफी सख्त मूड में थी। बता दें कि गत 11 अप्रैल को प्रातः करीब साढ़े आठ बजे बच्चों को लेकर जीएल स्कूल कनीना की तरफ जा रही थी तो उन्हाणी के पास चालक बस पर से नियंत्रण खो बैठा और वह ओवरस्पीड में पेड़ों से टकराकर पलट गई, जिसमें छह बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि लगभग दो दर्जन बच्चों को गंभीर चोटें आई। उस समय बस में करीब 40 बच्चे थे। हादसा होने उपरांत कई सवालिया निशान उठने लगे, जिसमें सबसे बड़ा सवाल तो बस चालक का शराब के नशे में होना था। बस की एक्सपायरी डेट सात साल पहले ही खत्म हो जाना भी मुख्य सवाल था। बस की इन पीरियड की आरसी नहीं होने से बस का इंश्योरेंस, पोल्यूशन सर्टिफिकेट समेत बस का फिटनेस नहीं होने भी चर्चा के विषय बने। यह भीषण हादसा हुआ, तब एक खास बात देखने को ही मिली थी कि जिले के अन्य प्राइवेट स्कूल बस वालों ने छुट्टी कर दी थी। छुट्टी के पीछे संवेदनाओं से ज्यादा सवालिया निशान वाली बसों को सड़कों पर दौड़ने से हटाने का डर माना गया था। तीन दिन बाद सोमवार को जब खुले तो स्कूल वालों को पुलिस एवं प्रशासन की कार्रवाई होने की पहले से मंशा थी, लेकिन बच्चों को स्कूल लाने व ले जाने की भी उनकी मंशा थी। जब दोपहर को छुट्टी हुई तो सड़कों पर इन स्कूल बसों को चेक करने के लिए पुलिस मौजूद थे। रेवाड़ी रोड पर अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने बसों को रोककर उनको चेक करना शुरू कर दिया। बसों को रोकने पर प्राइवेट स्कूल वाले भी नीचे उतर आए तथा पुलिस से बहस करने लगे। स्कूल वालों का कहना था कि डीसी ने दो दिन की छूट दे रखी है। पुलिस पर हादसे की आड़ में बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। उनके पास सभी दस्तावेज मौजूद हैं और बसों को जाने दिया। बस में 40-50 बच्चे होने की दुहाई देते हुए कहा कि वह बसें रोकने से परेशान हो जाएंगे।।

### दिखाने ही होंगे असली दस्तावेज

*बस वालों की बातें सुनने उपरांत जांच में जुटे सब इंस्पेकटर सुरेंद्र कुमार व अन्य पुलिसवालों ने कहा कि उन्हें बसों को जांच करने की हिदायत मिली है। उन्हें बसों के असल कागजात दिखाने ही होंगे। यदि कागजात सही पाए गए तो वह बसों को नहीं रोकेंगे। बस ड्राईवरों के लाइसेंस तक चेक किए। साथ ही बसों के चालान भी कर दिए। हालांकि बसों को इंपाउंड नहीं किया तथा चालान काटकर ड्राइवरों को थमा दिए। उनका लाइसेंस जब्त करते हुए पुलिस ने उन्हें बताया कि जब वह चालान भुगतने जाएंगे, तब दस्तावेज दिखाने पर चालान की धाराएं हटा दी जाएंगी तथा उनका असल लाइसेंस व अन्य दस्तावेज उन्हें वापस दे दिए जाएंगे। इस दौरान सड़क पर रोड जाम की स्थिति बनी रही। शहर का यह प्रमुख रोड होने से इस पर नारनौल-दिल्ली की रोडवेज बसें व अन्य वाहन भी फंस गए, जो बसों का संचालन होने पर ही चल पाए।*



**नारनौल।** जाम में फंसी स्कूल बसें।



**नारनौल।** मेगा सेवा शिविर के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक करती सीजेएम शैलजा गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### बैजनाथ महिला कॉलेज में शिविर 18 को

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने सोमवार को एडीआर सेंटर में 18 अप्रैल को बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय नांगल चौधरी में लगने वाले मेगा सेवा शिविर के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने कहा कि नालसा विधिक सेवा शिविर मॉड्यूल के अनुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद के मार्गदर्शन में 18 अप्रैल को बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय सुबह 10 बजे से मेगा सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमजन ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं, फर्स्ट ऐड, हेल्थ चेकअप व अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डा. पंकज यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग से संगीता यादव, जिला कल्याण अधिकारी राजेश खटाना, डीआईओ हरीश भार्गव, रेडक्रॉस से सहायक सुभाष गुप्ता, समाज कल्याण विभाग से सहायक सुनील गुप्ता मौजूद रहे।



### एसडीएम ने किया बांधों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**नारनौल।** एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जिले में बाढ़ प्रबंधन का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। एसडीएम ने हमीदपुर, दनचौली, घाटासेर, बसीरपुर, मुकुंदपुरा व जोरासी गांव में पहुंचकर बांधों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी बांध कमजोर हो गया है। वहां पर उसकी तुरंत प्रभाव से रिपेयर की जाए। अधिक बारिश होने की सूरत में बांधों पर अधिक दबाव पड़ सकता है। ऐसे में इनका समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नालों की भी सफाई करवाई जाए, ताकि जल निकासी में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी बांध पूरी तरह से सुरक्षित रहें। अगर पहले से ही सभी प्रकार की तैयारी रहेंगी, तो किसी भी प्रकार की स्थिति के दौरान जान-माल का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस जिले के लिए बांध को सुरक्षित रखना बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह जल संवर्धन व संरक्षण का भी एक बहुत बड़ा जरिया है। ऐसे में इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। इस मौके पर बीडीपीओ रेनुलता यादव व सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



### साहित्यकार नीरज को आंबेडकर कीर्ति सम्मान

**महेंद्रगढ़।** साहित्यकार नीरज राव खेड़ा को बाबा साहेब आंबेडकर के 133वीं जयंती महोत्सव पर 14 अप्रैल को नागौर में विश्व रिकॉर्ड बाबा साहेब आंबेडकर कीर्ति सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू नागौर एवं केंद्र सरकार में टी बोर्ड के पूर्व सदस्य भारत भूषण मंहत डॉ. नानक दास के सहयोग व बाबा आंबेडकर समिति फरडोद की ओर से आयोजित किया गया। यह सम्मान समारोह 14 अप्रैल को भीम ऑडिटोरियम फरडोद तहसील जायल जिला नागौर राजस्थान में आयोजित किया गया। यह सम्मान देश-विदेश के 60 ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को दिया गया जो अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विशेष कार्य कर रहे है। नीरज राव को यह सम्मान हिंदी साहित्य एंव समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया। झारखंड के राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, राजस्थान के पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत, असिस्टेंट कमिश्नरे डीआर रेवाला विशिष्ट अतिथि, इसरो वैज्ञानिक रवि कुमार वर्मा, पद्मश्री हिम्मताराम भांबू अमनदीप पाल डायरेक्टर टस्कर कंपनी, भरत एन देसाई एनआरआई अमेरिका, नितिन राणा उद्योगपति सूरत, शिव सावरूप कमिश्नर आयकर विभाग दिल्ली जैसी महान हस्तियों द्वारा सम्मानित किया।

## हकेंवि में आईटीईपी में दाखिले शुरू

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की परीक्षाएं बनेगी आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में दाखिले के इच्छुक आवेदकों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम में दाखिले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जा रहे नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी)-2024 के आधार पर करेगा, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं के लिए चार वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम एक अच्छा विकल्प है। विवि के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध इस पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने बताया कि चार वर्षीय इंटीग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) के अतंर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कुल 50 सीटें उपलब्ध है, जिसमें दाखिले के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित है। प्रो. नंद किशोर ने बताया कि एनटीए की ओर से एनसीईटी-2024 की परीक्षा के लिए शुरू ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन व दाखिले से संबंधित अधिक जानकारी ली जा सकती है।



**नारनौल।** सरस्वती स्कूल में दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि देते विद्यार्थी।

### सरस्वती स्कूल में दी बच्चों को श्रद्धांजलि

*नारनौल। शहर में पुल बाजार स्थित सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कनीना में हुए बस हादसे में मरने वाले बच्चों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों व स्कूल स्टॉफ सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर भगवान से बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मुकेश शर्मा ने कहा कि उन बच्चों के जाने का दुःख परिवार के साथ-साथ पूरे विद्यालय परिवार को भी है। इस घटना के बारे में सुनकर गहरा आघात हुआ, यह हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व परिवार को यह कष्ट सहन करने की क्षमता प्रदान करें।*

## हैप्पी स्कूल में सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड में हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के 90 छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल के साथ पहला रैंक प्राप्त किया हैं। वहीं 18 छात्रों ने सिल्वर मेडल और 19 छात्रों ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा विद्यालय के 34 छात्रों ने 500 रुपये नकद प्राप्त किए हैं। इन छात्र-छात्राओं के सम्मान में विद्यालय द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह या सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल और प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल रहे। प्राचार्य ने बताया कि विज्ञान से संबंधित ओलंपियाड एग्जाम विद्यार्थियों की वैज्ञानिक जागरूकता और भविष्य में वैज्ञानिक बनने की बौद्धिक क्षमता को जांचने के उद्देश्य से आयोजित होते हैं, जिसमे हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से विद्यालय की कीर्ति को चारों दिशाओं में फैलाया है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने ओलंपियाड परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों को हल करने के लिए कंसेप्ट्स की अच्छी समझ होना जरूरी है और इन परीक्षाओं की तैयारी करने से विद्यार्थियों में शैक्षिक स्तर काफी बढ़ता है। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उप संचालिका कौशल्या अग्रवाल ने परीक्षा का उद्देश्य बताते हुए छात्रों के बीच विज्ञान विषय में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने पर बल दिया।

### भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

**नारनौल।** भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस संबंध में भाजपा के कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सत्यवीर थानेदार ने बताया कि प्रदेश कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विद्यानंद लाम्बा व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर जिला की कार्यकारिणी की सूची तैयार की है। इसमें इसमें सुरेश शर्मा कनीना व सुरेशचंद एडवोकेट गढ़ी रूथल को सह संयोगित बनाया गया है। संयोजक के तौर पर अटेली हलका से राजेंद्र बाबूजी स्याणा, महेंद्रगढ़ हलका से रमेश कुमार वर्मा नियुक्त किया है। संयोजक के तौर पर जयनारायण सैनी और नांगल चौधरी हलका से संयोजक नित्यानंद यादव को नियुक्त किया है। मंडल संयोजक के तौर पर महेंद्रगढ़ शहरी मंडल सुभाष जांगड़ा को बनाया।

## आरपीएस में इंटरनेशनल सेल शुरू

- दोनों संस्थाओं के बीच ऐसा समझौता भारत देश को अवश्य आत्मनिर्भर बनाएगा- पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** समझौता कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज स्टाफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मोरडोविया स्टेट यूनिवर्सिटी रूस व आरपीएस गुरप ऑफ कॉलेज के साथ शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न उच्च आयाम स्थापित करने के लिए आरपीएस वेटरनरी कॉलेज बलाना में छात्र, शिक्षक व तकनीकी क्षेत्र में आदान-प्रदान को लेकर विभिन्न समझौते हुए तथा इंटरनेशनल अकादमीक अफेयरस सेल का उद्घाटन हुआ। इस उद्घाटन समारोह में संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजि. मनीष राव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, वेटरनरी कॉलेज एडवाइजर डॉ. मणिकांत चौधरी, डॉयरेक्टर एडमिन प्रो. भारद्वाज, प्रो. संदीप गेरा व मोरडोविया स्टेट यूनिवर्सिटी रूस से डॉ. दामित्री वाइस चांसलर, प्रो. ओलगा व अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे। रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से रसियन विवि से आरपीएस ग्रुप ऑफ कॉलेजिज का सामयिक समझौता चल रहा है। सोमवार को दोनों संस्थाओं की बीच तकनीकी व रिसर्च के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई गई। विवि की तीसरी महत्वपूर्ण सफल मीटिंग रही। रसियन विश्व विद्यालय की तरफ से कृषि, पशुपालन के क्षेत्र में विशेष तौर से विकसित की गई तकनीकों में आरपीएस संस्थाओं के माध्यम से आम आदमी तक पहुंचाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

### जरूरतमंद परिवार को बेटी की शादी में दिया फर्नीचर व बर्तनों का सहयोग



**नांगल चौधरी।** गौरक्षक दल ने सरपंच बिरेंद्र गोठड़ी की अगुवाई में गरीब की बेटी हमारी बेटी अभियान चलाया है। जिसके अंतर्गत सैदअलीपुर में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में फर्नीचर, बर्तन व आर्थिक सहयोग देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान समाज को संगठित और परोपकार भावना का समावेश करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ शादियों में खर्चा बढ़ गया है, दूसरी ओर रोजगार की विकट समस्या होने लगी है। गरीब वर्ग को बच्चों को बच्चों की पढ़ाई, शादी तथा अन्य सामाजिक दायित्वों को निभाना मुश्किल हो गया। बेटी की शादी में उन्हें साहूकारों से कर्जा लेना पड़ता है। जिसके ब्याज की मार से कई सालों तक घरेलू बजट नहीं संभलता। उन्हें राहत देने के मकसद से गरीब की बेटी हमारी बेटी अभियान चलाया है। सैदअलीपुर निवासी परिवार के पास इनकम स्रोत नहीं, जिस कारण व्यवस्था करने में परेशानी हो रहा थी। संस्था ने स्वैच्छा से यथासंभव सहयोग देकर भविष्य में भी मदद करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर ख्यालीराम, संजू ठेकेदार, ताराचंद सरपंच, मानसिंह, धर्मेंद्र फौजी, अनिल, निकुंज, महेश रावत आदि मौजूद रहे।

### मरीजों को समय पर तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई हो: सीएमओ

## सीएमओ ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़





**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. रमेश चंद आर्य व नागरिक अस्पताल में मरीजों का हाल-चाल जानते सीएमओ। फोटो : हरिभूमि

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद आर्य ने सोमवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड, प्रसुति विभाग, वार्ड इत्यादि का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने मरीजों का हाल-चाल भी जाना। साथ ही अस्पताल में तैनात चिकित्सकों व अन्य स्टाफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्ट्रर भी चेक किए। सोमवार सुबह करीब नौ बजे सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद आर्य नागरिक अस्पताल पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्ट्रर चेक किए। इसके बाद अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया। वहां पर उन्होंने स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति के साथ-साथ साफ-सफाई इत्यादि को देखा। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में प्रसुति विभाग तथा वार्डों का दौरा किया तथा मरीजों से बातचीत की। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल कर्मियों को ड्रेस कोड लागू करने की हिदायत दी। साथ ही अस्पताल में प्रतिदिन ड्रेस में आने को कहा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सकों के अलावा स्टाफ नर्स, सिक्योरिटी गार्ड्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हमेशा ड्यूटी पर तैनात रहने चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि चिकित्सक व अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ यूनिफार्म में रहें। चिकित्सक व स्टाफ नर्स ये सुनिश्चित करें कि आपातकालीन दवाएं व उपकरण हर समय उपलब्ध होने चाहिए। प्रत्येक शिफ्ट में इन दवा व उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।